दिनांकः 08.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।
- वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत प्रदेशभर में श्रमदान और जागरुकता गतिविधियां जारी।
- प्रदेश में गर्मी का असर तेज़–श्रीगंगानगर में पारा 47 डिग्री सेल्सियस के पार।
- आकाशवाणी सेवा के आज 90 वर्ष पूरे हुए–बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्शों के साथ देश की 98 प्रतिशत आबादी तक पहुंच बनाई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में नारी शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल, हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं।
राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल है। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।
प्रदेश में भी केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से बड़ी संख्या में किसान, युवा, महिला सहित विभिन्न वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर निवासी जयदीप सिंह राजावत ने प्रधानमंत्री–सूर्य–घर–योजना को अत्यधिक उपयोगी और लाभदायक बताया। इस योजना को उन्होंने जन कल्याणकारी योजना बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

-------------

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में बालोतरा के सिवाना गांव में आज प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने तालाब पर श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कोटपूतली–बहरोड़ जिले के विराट नगर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संरक्षण और स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों को पानी और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। जैसलमेर में अभियान के तहत आज जिला प्रशासन की ओर से सर्किट हाउस में श्रमदान कार्यक्रम रखा गया। झालावाड़ में विभिन्न विभागों और संगठनों ने जल स्रोतों की सफाई की। इस दौरान जनजागरूकता रैली और संवाद कार्यक्रम भी आयोजित हुए। सीकर में वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता कार्य भी किये जा रहे हैं। आज माधव सागर तालाब में नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ–सफाई की।

000

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान और हरियालो राजस्थान के तहत डीग जिले में पौधारोपण का सिलसिला जारी है। वन विभाग की नर्सरी में तैयार किये पौधे एक जुलाई से आमजन, शिक्षण संस्थान, स्वयं सेवी संगठनों, सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को निर्धारित दरों पर दिये जाएंगे। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

------------

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। वे आईआईटी जोधपुर परिसर में बने नए व्याख्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। 14 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ ये भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इस दौरान वे 'रिसर्च इनिशिएटिव ग्रांट' का भी वितरण करेंगे। इससे शोधकर्ताओं और नवाचार से जुड़ी परियोजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, वे संस्थान की नई आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण भी करेंगे।

000

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर फिर से शुरू हो गया है। सात से अधिक जिलों में आज अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 47 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रहा। बीकानेर में 46 डिग्री, बाड़मेर में 45 दशमलव 9, चूरू में 45 दशमलव 6, फलोदी में 45 दशमलव 4, जैसलमेर में 45 दशमलव 2 और कोटा में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। चूरू, भरतपुर, पाली, कोटा और बारां सहित विभिन्न जिलों में झुलसा देने वाली तेज गर्मी से आम जीवन प्रभावित हुआ है। आज गर्मी के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि ज़िले में भीषण गर्मी, लू के थपेड़ों से जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है।

------------

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज और कल बीकानेर तथा श्रीगंगानगर सहित कुछ जिलों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। तापमान में दो डिग्री तक बढोतरी हो सकती है। 10 जून तक कुछ शहरों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस या उससे भी ऊपर रिकॉर्ड होने की आशंका है।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये सीकर जिले की योग विशेषज्ञ डॉ. रजनी प्रभा का संदेश। इनका कहना है कि योग मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायक है।

------------

योग का प्रशिक्षण ले रहे राकेश गिरी ने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से मनुष्य को फिट रखता है।

------------

000

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1936 में 8 जून को आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। स्वतंत्रता के बाद एआईआर का तेजी से विस्तार हुआ और 1956 में इसे आकाशवाणी नाम दिया गया। आज आकाशवाणी 591 स्टेशनों का संचालन करती है जो भारत की 98 प्रतिशत आबादी तक 23 भाषाओं और 146 बोलियों में प्रसारण करती है। आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज को विश्व स्तर पर प्रसारित करता है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के अपने आदर्शों पर चलते हुए आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग देश के नागरिकों को नवीनतम सूचनाएं और विश्वसनीय समाचार पहुंचा रहा है।

000

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से आज भरतपुर के पीलूपुरा गांव में आयोजित महापंचायत के बाद लोगों ने दिल्ली–मुंबई रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। उन्होंने कोटा–मथुरा पैसेंजर ट्रेन को भी रोका। इससे कई अन्य रेलगाड़ियां भी प्रभावित हुईं। महापंचायत में राज्य सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा गया था, जिसे संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने पढ़कर सुनाया। मांगों पर सहमति नहीं बनने पर ट्रैक जाम किया गया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी फिलहाल गुर्जर समाज के नेताओं से वार्ता कर रहे हैं। स्थिति के मद्देनजर पीलूपुरा के आस–पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

000